दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर, शिक्षक पात्रता परीक्षा नवंबर में

**3 अक्तूबर तक बिना विलंब कर सकेंगे आवेदन; 22 नवंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं, 6 दिसंबर तक चलेगा एग्जाम**

सवेरा न्यूज/यशपाल सिंह

धर्मशाला, 11 सितंबर : हिमाचल प्रदेश में सरकारी शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए लंबे इंतजार के बाद राहत की खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने नवंबर 2026 में होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 3 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे। बोर्ड के अनुसार सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क 1,200 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए शुल्क 700 रुपये रहेगा। 3 अक्टूबर के बाद 4 से 8 अक्टूबर तक 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकेगा। बोर्ड ने आवेदन में गलती सुधारने के लिए भी अवसर दिया है। अभ्यर्थी 9 से 12 अक्टूबर तक ऑनलाइन विवरण में संशोधन कर सकेंगे। वहीं श्रेणी या उप-श्रेणी में बदलाव के लिए अभ्यर्थी को 15 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से शिक्षा बोर्ड कार्यालय धर्मशाला में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। इसके बाद किसी संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा। शिक्षक पात्रता परीक्षाएं 22 नवंबर से शुरू होकर 6 दिसंबर तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं ढाई घंटे की होंगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगी। 22 नवंबर को सुबह प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक कला और शाम को कनिष्ठ बुनियादी शिक्षक की परीक्षा होगी। 29 नवंबर को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक गैर-चिकित्सा तथा विशेष शिक्षक की परीक्षाएं होंगी। 6 दिसंबर को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक चिकित्सा, पंजाबी, उर्दू और हिंदी विषयों की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। परीक्षा के प्रवेश पत्र संबंधित परीक्षा तिथि से चार दिन पहले ऑनलाइन उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। आवेदन से जुड़ी तकनीकी समस्या के लिए अभ्यर्थी शिक्षा बोर्ड से संपर्क कर सकते हैं। (डा. राजेश शर्मा,अध्यक्ष, प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड)

**डा . राजेश शर्मा**

Divya Himachal  Dt. 12-09-2026

# नवंबर टेट के लिए तीन अक्तूबर तक बिना विलंब शुल्क करें आवेदन

नगर संवाददाता— धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर 2026 में होने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी तीन अक्तूबर रात 11:59 बजे तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। तीन अक्तूबर के बाद चार से आठ अक्तूबर तक 600 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकेगा। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों (पीएचएच को छोड़कर) के लिए आवेदन शुल्क 1,200 रुपए निर्धारित किया गया है, जबकि ओबीसी, एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए शुल्क 700 रुपए रहेगा। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने अभ्यर्थियों से अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है। आवेदन में दर्ज विवरणों में सुधार के लिए नौ से 12 अक्तूबर तक ऑनलाइन सुधार का अवसर दिया जाएगा। वहीं, श्रेणी या उप-श्रेणी में बदलाव के लिए अभ्यर्थी को 15 अक्तूबर को व्यक्तिगत रूप से धर्मशाला स्थित बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। टेट की परीक्षाएं 22 नवंबर से छह दिसंबर तक आयोजित होंगी। सभी परीक्षाएं अढाई घंटे की अवधि की होंगी और दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। 22 नवंबर को सुबह की पाली में टेट (आर्ट्स) और शाम की पाली में जेबीटी टेट की परीक्षा होगी।

पंजाब केसरी
SAT,12 SEPTEMBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 4

# शिक्षा बोर्ड ने जारी किया टैट परीक्षा का शैड्यूल

## 22 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक होंगी परीक्षाएं

धर्मशाला, 11 सितम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने नवम्बर 2026 सत्र की शिक्षक पात्रता परीक्षा का संशोधित शैड्यूल जारी कर दिया है। बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जे.बी.टी., टी.जी.टी. आर्ट्स, मैडीकल, नॉन-मैडीकल, हिंदी, संस्कृत, पंजाबी, उर्दू और स्पैशल एजुकेटर सहित कुल 10 विषयों की टैट परीक्षाएं 22 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 सितम्बर से शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 3 अक्तूबर 2026 तय की गई है।

अभ्यर्थी बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से आवेदन व शुल्क जमा कर सकते हैं।

इसके अलावा, डी.एल.एड. सत्र 2026-2028 की बची हुई 947 सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग 15 और 16 सितम्बर को बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में आयोजित की जाएगी।

> टैट परीक्षा के पारदर्शी और सुचारू संचालन के लिए संशोधित शैड्यूल जारी कर दिया गया है। पात्र अभ्यर्थी समय पर ऑनलाइन आवेदन पूरा करें। साथ ही डी.एल.एड. अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ धर्मशाला मुख्यालय पहुंचे।
>
> – **अंकुश शर्मा**, सचिव, एच.पी. बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन, धर्मशाला

## 8 अक्तूबर तक लेट फीस के साथ आवेदन का मौका

**सामान्य** वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 1200 रुपए तथा ओ.बी.सी., एस.टी., एस.सी. व दिव्यांग श्रेणी के लिए 700 रुपए निर्धारित किया गया है। 3 अक्तूबर के बाद अभ्यर्थी 4 से 8 अक्तूबर तक 600 रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे। आवेदनों में संशोधन का अवसर 9 से 12 अक्तूबर तक मिलेगा।

हालांकि, श्रेणी और उप-श्रेणी में ऑनलाइन सुधार की अनुमति नहीं होगी; इसके लिए अभ्यर्थियों को 15 अक्तूबर तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में आवेदन करना होगा।

अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड परीक्षा से 4 दिन पहले बोर्ड की वैबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

**Amar Ujala Dt. 12-09-2026**

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक लेगा दस विषयों का टेट

## अभ्यर्थी 11 सितंबर से 3 अक्तूबर तक ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

**धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड नवंबर में होने वाली 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक करेगा। अभ्यर्थी 11 सितंबर से 3 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि यह आवेदन स्पेशल एजुकेटर प्री प्राइमरी से कक्षा 5, स्पेशल एजुकेटर छठी से 12वीं कक्षा, टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल, जेबीटी, टीजीटी संस्कृत, पंजाबी, उर्दू, टीजीटी नॉन मेडिकल और टीजीटी हिंदी विषय के लिए मांगे गए हैं।

उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र परीक्षा से चार दिन पहले बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। आवेदनकर्ताओं को प्रॉस्पेक्ट्स और ऑनलाइन एप्लीकेशन के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर ही आवेदन करना होगा। निर्धारित अंतिम तिथि 3 अक्तूबर के बाद भी आवेदन किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए विलंब शुल्क के रूप में 600 रुपये लेट फीस देनी होगी। उम्मीदवारों के पास 9 से 12 अक्तूबर तक का समय अपने आवेदन पत्रों में त्रुटि दूर करने के लिए रहेगा।

श्रेणी और उपश्रेणी में सुधार के लिए उम्मीदवारों को स्वयं बोर्ड कार्यालय में जाकर दस्तावेज जमा करवाने होंगे। टेट परीक्षाएं दो सत्र में होंगी। पहला सत्र सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरा दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। परीक्षाओं के लिए आवेदन करने के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 1200 रुपये, जबकि ओबीसी, एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 700 रुपये शुल्क देना होगा।

शिक्षा बोर्ड ने इस बार टेट का ऐसा शेड्यूल बनाया है कि पहली बार 10 विषयों की परीक्षाओं को तीन दिन में ही आयोजित कर दिया जाएगा। 22 नवंबर को सुबह के समय टीजीटी आर्ट्स और शाम के समय जेबीटी विषय की परीक्षा होगी। 29 नवंबर को 4 विषयों की परीक्षाएं होंगी।

सुबह के समय टीजीटी नॉन मेडिकल और स्पेशल एजुकेटर (छठी से 12वीं कक्षा), जबकि शाम के समय टीजीटी संस्कृत और स्पेशल एजुकेटर (प्री प्राइमरी से कक्षा-5) का आयोजन होगा। 6 दिसंबर को टीजीटी मेडिकल, पंजाबी और उर्दू विषय, जबकि टीजीटी हिंदी विषय की परीक्षा होगी। ब्यूरो

## एएमआरयू ने एमडीएस की 42 सीटें की आवंटित

**मंडी।** अटल मेडिकल एवं रिसर्च यूनिवर्सिटी (एएमआरयू) ने नीट पीजी एमडीएस-2026 के आधार पर पहले चरण की काउंसलिंग का अंतिम सीट आवंटन जारी कर दिया है। सूची में कुल 42 अभ्यर्थियों को विभिन्न डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की सीटें आवंटित की गई हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश सरकारी कोटे के साथ-साथ मैनेजमेंट कोटे की सीटें भी शामिल हैं। आवंटित सीटों में प्रोस्थोडॉन्टिक्स एंड क्राउन एंड ब्रिज, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स, ऑर्थोडॉन्टिक्स, पेडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी और पीरियोडॉन्टोलॉजी समेत विभिन्न विशेषज्ञताएं शामिल हैं। सीटों का आवंटन गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज शिमला, डेंटल कॉलेज सुंदरनगर, भोजिया डेंटल कॉलेज नालागढ़ और हिमाचल इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज पांवटा साहिब में किया गया है। संवाद

**Dainik Jagran Dt. 12-09-2026**

# टेट नवंबर में, आवेदन प्रक्रिया आरंभ

## तीन अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के करें आवेदन

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने नवंबर में होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का शेड्यूल जारी कर दिया है। आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 सितंबर से आरंभ हो गई है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि इच्छुक अभ्यर्थी तीन अक्टूबर (रात 11:59 बजे) तक बिना विलंब शुल्क पंजीकरण कर सकते हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें। चार से आठ अक्टूबर तक आवेदन करने वालों को 600 रुपये विलंब शुल्क चुकाना होगा। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 1,200 रुपये, जबकि ओबीसी, एससी, एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 700 रुपये शुल्क चुकाना होगा।

फार्म भरते समय होने वाली त्रुटियों में सुधार का भी बोर्ड ने प्रावधान किया है। आनलाइन भरे गए विवरणों में नौ से 12 अक्टूबर तक आनलाइन ही सुधार किया जा सकेगा। बोर्ड ने एक कड़ा नियम भी बनाया है कि यदि कोई अभ्यर्थी अपनी श्रेणी या उपश्रेणी में बदलाव करना चाहता है तो उसे 15 अक्टूबर को व्यक्तिगत रूप से धर्मशाला स्थित बोर्ड कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। निर्धारित तिथियों के बाद किसी भी तरह के संशोधन पर विचार नहीं किया जाएगा। डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा तिथि से चार दिन पहले एडमिट कार्ड आनलाइन उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

**9** से 12 अक्टूबर तक मिलेगी गलतियां सुधारने की मोहलत

**22** नवंबर से छह दिसंबर तक होंगी परीक्षाएं

### परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

- बोर्ड की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार पात्रता परीक्षाएं 22 नवंबर से शुरू होकर छह दिसंबर तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं ढाई घंटे की होंगी। परीक्षा दो सत्र में दिन में 10:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दोपहर 2:00 बजे से सायं 4:30 बजे होगी।
- **22 नवंबर** : सुबह के सत्र में टीजीटी आर्ट्स और सायं जेबीटी की परीक्षा होगी।
- **29 नवंबर** : सुबह के सत्र में टीजीटी नान मेडिकल तथा स्पेशल एजुकेटर (कक्षा 6 से 12) की परीक्षा होगी। सायं टीजीटी संस्कृत और स्पेशल एजुकेटर प्री-प्राइमरी से कक्षा पांच के अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।



- **6 दिसंबर** : सुबह के सत्र में टीजीटी मेडिकल, पंजाबी और उर्दू की परीक्षाएं होंगी। सायं टीजीटी हिंदी की परीक्षा होगी।

### काउंसिलिंग की प्रोविजनल सीट आवंटन सूची जारी

जागरण संवाददाता, मंडी : अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी नेरचौक ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नीट यूजी के आधार पर एमबीबीएस व बीडीएस पाठ्यक्रमों के दूसरे दौर की काउंसिलिंग की प्रोविजनल सीट आवंटन सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि यदि मेरिट सूची में कोई विसंगति या त्रुटि पाई जाती है, तो वह 12 सितंबर को सायं पांच बजे तक ई-मेल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं सदस्य सचिव डा. राजेश कुमार ने बताया कि यह आवंटन सूची अनन्तिम है। इसमें बदलाव संभव है, इसलिए अभ्यर्थी इसके आधार पर आवंटित सीट पर कोई कानूनी दावा नहीं कर सकते। अंतिम प्रवेश की पात्रता संबंधित संस्थान की प्रवेश समिति की ओर से दस्तावेजों के सत्यापन और स्वीकृति के बाद ही मान्य होगी। इस चरण में 368 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित की गई है। पहले स्थान पर मानसी ठाकुर है।

Anant Gyan Dt. 12-09-2026

# नवंबर-2026 टेट के लिए आवेदन शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर-2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 3 अक्टूबर रात 11:59 बजे तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 4 से 8 अक्टूबर तक 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन का अवसर मिलेगा। सामान्य वर्ग के लिए आवेदन शुल्क 1200 रुपये और ओबीसी, एससी, एसटी व दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 700 रुपये निर्धारित है। आवेदन में सुधार के लिए 9 से 12 अक्टूबर तक ऑनलाइन विंडो खुली रहेगी। टेट परीक्षाएं 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक दो पालियों में आयोजित होंगी। एडमिट कार्ड परीक्षा से चार दिन पहले जारी किए जाएंगे।

**Himachal Dastak Dt. 12-09-2026**

## टेट के लिए 3 अक्तूबर तक करें आवेदन, 22 नवंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर 2026 शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 3 अक्तूबर रात 11:59 बजे तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकेंगे। सामान्य वर्ग के लिए 1,200 और अन्य आरक्षित वर्गों के लिए 700 रुपये शुल्क निर्धारित है। 4 से 8 अक्तूबर तक 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन किया जा सकेगा। आवेदन में सुधार 9 से 12 अक्तूबर तक ऑनलाइन किया जा सकेगा। श्रेणी या उपश्रेणी में बदलाव के लिए 15 अक्तूबर को बोर्ड कार्यालय धर्मशाला में उपस्थित होना होगा। परीक्षाएं 22 नवंबर से 6 दिसंबर तक दो सत्रों में होंगी। प्रवेश पत्र परीक्षा से 4 दिन पहले ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है।

# Golden Opportunity to Become a Teacher in Himachal: Application Process for TET (November 2026) Begins



SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA SEP 11 : The wait is over for young aspirants dreaming of becoming government teachers in Himachal Pradesh. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, has announced the Teacher Eligibility Test (TET) scheduled for November 2026. The online application process has officially commenced today. The Board has clarified that interested candidates can register without any late fee until October 3 (11:59 PM). Board Chairman Dr. Rajesh Sharma has urged candidates to complete the application process well in advance to avoid the last-minute rush. He stated that after the October 3 deadline passes, candidates will be required to pay a late fee of ₹600 to apply between October 4 and October 8. Regarding the application fee, it has been set at ₹1,200 for the General category (excluding PHH), while OBC, SC, ST, and differently-abled (Physically Handicapped) candidates will have to pay ₹700. Two Separate Opportunities for Error Correction

Acknowledging the errors that often occur while filling out forms, the Board has also provided a correction window. Online corrections to the submitted details can be made from October 9 to October 12. However, the Board has also established a strict rule: if a candidate wishes to change their category or sub-category, they must appear in person at the Board's office in Dharamshala on October 15, 2026, to submit a request. No amendments will be considered after the stipulated dates. According to the detailed schedule released by the Board, these eligibility tests will be conducted from November 22 to December 6. All exams will be of two-and-a-half hours' duration, divided into two shifts: 10:00 AM to 12:30 PM and 2:00 PM to 4:30 PM. November 22: The TGT (Arts) exam will be held in the morning shift, and the JBT TET exam in the evening shift. November 29: The TGT (Non-Medical) and Special Educator (Classes 6 to 12) exams will take place in the morning. Meanwhile, candidates for TGT (Sanskrit) and Special Educator (Pre-primary to Class 5) will appear for their exams in the evening shift. December 6: On the final day, the TGT (Medical), Punjabi, and Urdu TET exams will be conducted simultaneously in the morning shift, while the evening shift will be reserved for the TGT (Hindi) TET.Dr. Rajesh Sharma stated that admit cards would be made available online to candidates exactly four days prior to the exam date.